# प्रदेश में 2 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ शुरू हो जाएगी निर्वाचन की तैयारी

- 2 अगस्त को मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन, 31 अगस्त तक नाम जोड़ने, काटने एवं संशोधन के लिए दावा-आपत्ति लिए जाएंगे
- 12-13 अगस्त एवं 19-20 अगस्त को मतदान केन्द्रों में आयोजित किए जाएंगे विशेष शिविर
- 4 अक्टूबर को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन
- राज्य में अभी 1.96 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत

**रायपुर (आरएनएस)।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के पूर्व प्रदेश में निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की कार्यवाही चल रही है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 2 अगस्त को राज्य में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा फॉर्म-5 में मतदाता सूची के प्रारम्भिक प्रकाशन करने के साथ-साथ 1 अक्टूबर 2023 की अर्हता तिथि के सम्बन्ध में दावा-आपत्ति प्राप्त किए जाने नोटिस जारी किया जाएगा। इसी दिन राज्य में विशेष ग्राम सभा में मतदाता सूची का वाचन भी किया जाएगा। विधानसभा एवं जिला स्तर पर भी विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन में मतदाता सूची को शुद्ध बनाने जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। यह मतदाता सूची राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट में भी होस्ट की जाएगी। इसकी एक फोटोयुक्त हार्ड एवं एक फोटोरहित सॉफ्ट कॉपी सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी जिला स्तर पर बैठक कर प्रदान की जाएगी।

मतदाता सूची के प्रारम्भिक प्रकाशन के दिन से 31 अगस्त तक निर्धारित प्रारूपों में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा दावा-आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। 30 दिनों की इस अवधि के दौरान चार दिन, 12-13 अगस्त (शनिवार-रविवार) और 19-20 अगस्त (शनिवार-रविवार) को बूथ स्तर पर विशेष शिविर का भी आयोजन होगा। इस दौरान 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। मृत, डुप्लीकेट या स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन के लिए फॉर्म-7 के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। पूर्व से पंजीकृत मतदाता के विवरण में किसी प्रकार के संशोधन या स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 भरा जाएगा। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप और वोटर सर्विस पोर्टल भी उपलब्ध हैं। बीएलओ द्वारा फॉर्म भरने के लिए बीएलओ एप का प्रयोग किया जाएगा। 31 अगस्त तक प्राप्त होने वाले दावा-आपत्तियों की साप्ताहिक सूची सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक कर दी जाएगी। साप्ताहिक रूप से इस सूची का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी प्रकाशन किया जाएगा। 22 सितम्बर तक सभी दावा-आपत्तियों का निराकरण कर 4 अक्टूबर 2023 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन फॉर्म-16 में किया जाएगा। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची पुन: वेबसाइट में होस्ट करने के साथ-साथ इसकी एक हार्ड एवं एक सॉफ्ट कॉपी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिला स्तर पर प्रदान की जाएगी।

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए पुनरीक्षण के दौरान सघन कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इस दौरान छूटे हुए युवाओं एवं समाज के वंचित वर्गों को अधिक से अधिक जागरूक कर उनका नाम मतदाता सूची में जोडऩे के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में चार लाख 25 हजार 698 मतदाता 18-19 आयु वर्ग के हैं।

दिव्यांग मतदाताओं की संख्या एक लाख 47 हजार 364 तथा 767 तृतीय लिंग समुदाय के मतदाता हैं। राज्य में मतदाता सूची का लिंगानुपात 1002 है तथा मतदाता-जनसंख्या अनुपात 64.65 प्रतिशत है। कंगाले ने प्रदेश के नागरिकों से पुनरीक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए अधिक से अधिक ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जलग्रहण प्रकोष्ठ सह डाटा केन्द्र में रिक्त पदों के लिए 4 अगस्त तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़।** जलग्रहण प्रकोष्ठ सह डाटा केन्द्र (डब्ल्यूसीडीसी) के लिए तकनीकी विशेषज्ञ (अभियांत्रिकी),प्रबंधन विशेषा एवं लेखापाल के पद पर एवं परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी पीआईए हेतु डब्ल्यूडीटी आजीविका, डब्ल्यूडीटी समूह विकास एवं लेखापाल सह डाटा एंट्री ऑपरेटर पद के लिए गत दिवस आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों की सूची जारी रायगढ़ जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in एवं उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक रायगढ़ के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वे 4 अगस्त 2023 तक उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक रायगढ़ में दावा-आपत्ति आवेदन जमा कर सकते है।

### कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने ली आरईएस और स्कूल विभाग की बैठक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन कार्यक्रम अंतर्गत जिले के स्कूल भवनों के मरम्मत और जीर्णोदार के कार्यों के स्कूल शिक्षा विभाग और इन कार्यों के लिए अधिकृत निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी विभाग (आरईएस) की बैठक ली। डॉ सिद्दीकी ने समन्वयक सत्येंद बसंत से जिले के सारबिला कोचिंग के संचालन के संबंध में जानकारी ली। सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले के पूर्ण और प्रगतिरत कार्यों की जानकारी सभी एसडीओ आरईएस ने दी। कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि सभी कार्यों को 30 अगस्त 2023 तक पूर्ण करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, एसडीएम मोनिका वर्मा, डीईओ डेजी रानी जांगड़े, स्वामी आत्मानंद स्कूल के नोडल अधिकारी, सभी बीईओ और एसडीओ आरईएस उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता के तहत 80 वर्षीय बुजुर्ग और नवविवाहित दंपत्ति ने वोट किया

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत तहसील कार्यालय सारंगढ़ में ग्राम नंदेली की 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला कचरा बाई ने ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन में वोट किया। इसी प्रकार कलेक्टोरेट सारंगढ़ में ग्राम गोड़िहारी के नवविवाहित शरद बरगाह और अंशिका यादव ने ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन में वोटिंग करके मतदान का परीक्षण किया। आगामी विधानसभा चुनाव के जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टोरेट सहित सभी तहसीलों में आने वाले सभी आगन्तुकों के जागरूकता के लिए ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट का प्रदर्शन किया गया।

### संविदा कर्मचारी आज घुटनों के बल चलकर करेंगे सरकार से संवाद की गुहार

**रायपुर (आरएनएस)।** नियमितिकरण सहित अन्य मांगों को लेकर लगातार विरोध-प्रदर्शन कर रहे प्रदेश भर के संविदा कर्मचारी आज संवाद रैली करने वाले हैं। इसके अलावा वे घुटनों के बल चलकर दंडवत प्रणाम कर सरकार से बातचीत करने की अपील करने वाले हैं। ज्ञात हो कि संविदा कर्मचारी विगत 03 जुलाई से अनिश्चितक़ालीन हड़ताल पर चल रहे हैं। जिसकी वजह से शासकीय कार्यालयों में कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। हड़ताल का आज 24वां दिन है, लेकिन अब तक राज्य शासन की ओर से भी बातचीत की कोई पहल नहीं हो पाई है। इसी के मद्देनजर आज संविदा कर्मचारी संवाद रैली निकालकर जिम्मेदार अधिकारियों से प्रत्यक्ष बातचीत करना चाहते हैं। राज्य सरकार ने संविदा पर कार्यरत अधिकारी और कर्मचारियों की मांगों के संबंध में वेतन वृद्धि की घोषणा की गई है। वेतन वृद्धि के बाद भी संविदा अधिकारी और कर्मचारी कार्य पर नहीं जा रहे।

## स्थानीय स्तर पर महिलाओं को मिल रहा रोजगार : महिलाएं गौठानों में ब्रम्हास्त्र तैयार कर कमा रही 64 हजार 950 रूपए की आमदनी

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत ग्रामीण कृषि, पशुपालन और उनके उत्पाद तथा अपशिष्ट पदार्थ का उपयोग स्थानीय स्तर पर कृषि एवं उस पर आधारित कार्यों में कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में ग्रामीण पशुपालकों से 2 रुपए प्रति किलो गोबर और 4 रुपए प्रति लीटर की दर से गौमूत्र की खरीदी की जा रही है। जैविक खेती के लिए गोबर का उपयोग वर्मी खाद बनाने तथा गौमूत्र का उपयोग कीटनाशक दवाई ब्रह्मास्त्र और वृद्धिवर्धक जीवामृत बनाने में किया जा रहा है। राज्य की स्व-सहायता समूह की महिलाएं इससे लाभान्वित हो रही है।

नारायणपुर जिले के ग्राम करलखा और कोचवाही के गौठान में गौमूत्र से ब्रम्हास्त्र और जीवामृत बनाई जा रही है। वर्तमान में जब रसायन युक्त खेती के कई हानिकारक प्रभावों से हमें जूझना पड़ रहा है, तब जैविक खेती को अपनाने की पहल भी शुरू हो रही है। जैविक खेती में मुख्य रूप से गोबर खाद का उपयोग किया जाता है, लेकिन कीट पतंगों से बचाव के लिए कोई विशेष उपाय नहीं होने के कारण अधिकतर किसानों का फसल नुकसान हो जाता है। फसलों की बचाव के लिए छत्तीसगढ़ सरकार का एक महत्वपूर्ण नवाचार गौमूत्र से दवाई फसल की बचाव के लिए संजीवनी साबित हो रही है।

जिले के किसानों को जैविक दवाई उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा गौठानों में स्व-सहायता समूह के सदस्यों के माध्यम से गौमूत्र से ब्रम्हास्त्र और जीवामृत तैयार किया जा रहा है। गौमूत्र विशेष गुणों से युक्त होता है, जिसका प्रयोग विभिन्न कार्यों में किया जाता है। इसे बनाने के लिए गौमूत्र को पांच प्रकार की पत्तियों जैसे नीम, करंजी, पपीता, सीताफल और अमरुद के साथ उबालकर ठंडा किया जाता है और पैकेजिंग कर विक्रय किया जा रहा है। इसे उपयोग करने के लिए 5 लीटर ब्रह्मास्त्र को 100 लीटर पानी में मिलाकर प्रत्येक पंद्रह दिनों में फसलों में छिडक़ाव किया जाता है। इसके अतिरिक्त किसानों की मांग अनुसार गौमूत्र वृद्धि वर्धक का उत्पादन भी किया जा रहा है। एक लीटर ब्रह्मास्त्र पचास रुपए में और वृद्धिवर्धक चालीस रुपए में करलखा एवं कोचवाही गौठान तथा सी-मार्ट से खरीदा जा सकता है।

करलखा में झांसी की रानी महिला स्व-सहायता समूह और कोचवाही में सरस्वती महिला स्व सहायता समूह द्वारा इन उत्पादों को विक्रय कर 64 हजार 950 रूपए की आय अर्जित की गई है। रसायन मुक्त भोजन और स्वस्थ जीवनशैली के लिए गौमूत्र आधारित खेती वर्तमान की मांग है। गौठान में स्व सहायता समूह की महिलाओं को ब्रम्हास्त्र बनाने के साथ ही स्व-रोजगार मिल रही है, जिससे समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर होती जा रही हैं।

## कोरबा के तैराक पार्थ श्रीवास्तव ने जीते 5 स्वर्ण पदक

- न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल का हैं होनहार छात्र



**कोरबा (आरएनएस)।** 13 सब जूनियर-जूनियर राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता जो कि भिलाई शहर में 22 जुलाई 23 जुलाई को आयोजित हुई थी। उस प्रतियोगिता में जिसमे कोरबा जिलान्तर्गत न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल के एक होनहार छात्र पार्थ श्रीवास्तव ने अपने सभी आयोजित तैराकी प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त कर 5 स्वर्ण पदक अर्जित किये। इसी आधार पर पार्थ श्रीवास्तव को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 से 20 अगस्त तक भुवनेश्वर उडीसा में आयोजित होगी।

स्वीमिंग एसोसिएशन कोरबा अध्यक्ष राजेन्द्र पटेरिया, सचिव अशोक सक्सेना, उसे बधाई देते हुए बताया कि उक्त प्रतियोगिता मे कोरबा जिले के खिलाड़ी का चयन होने से जिले का नाम छत्तीसगढ़ मे गौरवान्वित हुआ है।

## ग्रामीणों की समस्याएं दूर करने राजस्व विभाग लगाएगा शिविर, तहसीलवार नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर डा. फरिहा आलम सिद्दीकी ने राजस्व विभाग में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के लिए जिले में राजस्व शिविर आयोजित किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में तहसीलवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व शिविर में नामांतरण, बंटवारा, आरबीसी 6-4, ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति, रिकॉर्ड दुरुस्ती, नक्शा बंटाकन, सीमांकन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रकरणों एवं आवेदनों का समुचित निराकरण हेतु तहसीलदारों को अपने मातहत अमलों के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के सारंगढ़ अनुविभाग के सारंगढ़ तहसीलदार सुश्री नेत्रप्रभा सिदार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार बरमकेला तहसील के तहसीलदार शनि पैकरा, सरिया तहसीलदार अनुज पटेल को संबंधित तहसील का नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा बिलाईगढ़ अनुविभाग अंतर्गत बिलाईगढ़ तहसीलदार नमिता मारकोले और भटगांव तहसीलदार करुणा आहेर को उनकी तहसील का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आदेश में अपर कलेक्टर ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी सहित पंचायत सचिव को राजस्व शिविर में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने और इसकी साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## कापू पुलिस ने पशुक्रूरता मामले के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर, गया जेल



**रायगढ़।** कापू पुलिस द्वारा कल मवेशियों की तस्करी करने वाले आरोपी जावेद अली निवासी रांची झारखंड को गिरफ्तार किया गया है। करीब डेढ साल से कापू पुलिस को आरोपी की तलाश थी, आरोपी जावेद पिकअप वाहन से मवेशियों की तस्करी करता था। कापू पुलिस द्वारा दिनांक 24.09.2021 की रात्रि मवेशी तस्करी की मुखबिर सूचना पर पखनाकोट तिराहा पर संदिग्ध पिकअप वाहन जेएच 01 डीएक्स 5532 को पकड़ी थी जिसका ड्रायवर वाहन छोड़कर फरार था। कापू पुलिस ने वाहन में रखे 11 नग मवेशियों को मुक्त कराकर वाहन चालक पर छत्तीसगढ़ कृषि पशु परीरक्षण अधिनियम की धारा 4,6,10 एवं 11 के तहत कार्यवाही किया गया था।

मामले की विवेचना दरमियान जप्त झारखंड पासिंग पिकअप वाहन के वाहन स्वामी की जानकारी के लिए कापू पुलिस ने जिला परिवहन अधिकारी रांची, झारखंड को पत्राचार कर वाहन स्वामी का पता लगाया गया। वाहन स्वामी से पूछताछ करने पर वाहन के ड्राइवर जावेद अली पिता करामत अली उम्र 53 साल निवासी ठाकुरगांव थाना इटकी जिला रांची झारखंड द्वारा वाहन में मवेशियों की तस्करी करना बताया, लगातार कापू पुलिस आरोपी पर गिरफ्तारी के लिये दबाव बनाया जा रहा था, जिसमें कल कापू पुलिस को सफलता मिली। घटना दिनांक को ड्राइवर जावेद अली ने वाहन चलाना बताते हुये पिकअप वाहन में 11 रास मवेशियों को भरकर बूचड़खाने ले जाना स्वीकार किया। आरोपी से वाहन के कागजात और ड्राइविंग लाइसेंस की जब्ती कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

## मोबाइल बताएगा, कब लगेगा टीका, अब टीकाकरण कार्ड जरूरी नहीं



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** राष्ट्रीय सर्वव्यापी टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत भारत सरकार द्वारा समस्त प्रदेशों में यू-विन नामक एप के माध्यम से टीकाकरण के समस्त रिकार्ड डिजिटल करने का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। यू-विन डिजिटल प्लेट फॉर्म के द्वारा गर्भवती महिलाओं के पंजीयन से लेकर प्रसव होने तक की सम्पूर्ण जानकारी तथा शिशुओं के जन्म से लेकर जन्म डोज एवं उसके बाद के समस्त टीकाकरण के रिकॉर्ड संधारित किए जाएंगे। यू-विन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को ट्रेकिंग कर समय पर टीकाकृत किया जाएगा, जिससे टीकाकरण में होने वाले लेफ्ट आउट एवं ड्राप आउट को रोका जा सकेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला ने बताया कि हितग्राही के यू-विन में एक बार रिकॉर्ड हो जाने के बाद आगामी खुराक के टीका के लिए ट्रेकिंग आसान हो जाएगी। बिना टीकाकरण कार्ड के हितग्राही अपनी पसंद के किसी भी टीकाकरण केन्द्र पर टीकाकरण करा सकेगा। इस एप के माध्यम से टीकाकृत हितग्राहियों के लिए ऑनलाइन वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र भी जनरेट होगा। जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर मोहम्मद अज़ीम (यूएनडीपी) के द्वारा दिया गया। यू-विन एप के प्रशिक्षण में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रितेश सेन, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक इजारदार, समस्त पीएचसी प्रभारियों सहित विभाग के मैदानी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**7 अगस्त से शुरू होगा मिशन इंद्रधनुष-** जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सेन ने बताया कि आगामी 7 अगस्त को शुरू होने वाले सघन मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण यू -विन प्लेटफॉर्म के माध्यम से सम्पन्न कराया जाएगा। इस अभियान में गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से 5 साल तक के बच्चों का हेड कॉउंट कर लेफ्ट आउट/ड्राप आउट गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को जिले के प्रत्येक गांवों में टीकाकरण सत्र आयोजन कर टीकाकृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मिशन इंद्रधनुष का प्रथम चरण माह अगस्त में 7 से 12 तारीख तक, द्वितीय चरण माह सितंबर में 11 से 16 तारीख तक तथा तीसरा और अंतिम चरण माह अक्टूबर में 9 से 14 तारीख तक आयोजित किया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ की टीम ने तमिलनाडु के फारेस्ट स्कूल का किया दौरा

- पश्चिमी घाट के मनोरम परिवेश में संचालित है कलारी फारेस्ट स्कूल
- बच्चों पर नहीं रहता स्कूल बैग और किताबों का बोझ

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु के पश्चिमी घाट के सुन्दर और मनोरम प्राकृतिक परिवेश में एक अनुकूल स्थान पर नयी पीढ़ी में पर्यावरण चेतना, समाज कल्याण, विश्व शांति और सामाजिक न्याय की गहरी समझ विकसित करने के लिए कलारी फारेस्ट स्कूल का संचालन किया जा रहा है। तमिल भाषा में कलारी शब्द का आशय सीखने की प्रक्रिया से है। कलारी फारेस्ट स्कूल की स्थापना एक युवा इलेक्ट्रिकल इंजीनियर योगेश कार्तिक द्वारा की गयी है। छत्तीसगढ़ के समाज -सेवियों की टीम ने डॉ. सत्यजीत साहू के नेतृत्व में कल तमिलनाडु प्रवास के दौरान कोडईकनाल इलाके में स्थित कलारी फारेस्ट स्कूल का दौरा किया। इसके संस्थापक योगेश कार्तिक ने स्कूल परिसर में लगाए गए शिविर में उन्हें बताया कि चार साल पहले कोडाइकनाल घाट रोड पर कलारी फ़ॉरेस्ट स्कूल की स्थापना 15 जून, 2019 को हुई थी।

वर्तमान में प्रचलित शैक्षणिक पैटर्न में बच्चों पर पढ़ाई का मानसिक तनाव अधिक रहता है। ऐसे में इस क्षेत्र के बच्चों के लिए कलारी फ रेस्ट स्कूल एक पेड़ की छाया की तरह है जो ज्ञान प्राप्ति की उनकी प्यास बुझाने के साथ -साथ उन्हें आराम और ताजग़ी देता है। यहाँ अध्ययनरत बच्चों पर स्कूल बैग और किताबों का बोझ नहीं रहता। इसके बिना भी वे बहुत सारी चीजें सीखते हैं। वे आकाश की महिमा का निरीक्षण करते हैं, वे अनुभवात्मक तरीके से पृथ्वी की जीवंतता और आसपास मौजूद हर चीज के महत्व को समझते हैं। योगेश कार्तिक ने डॉ सत्यजीत साहू और छत्तीसगढ़ की टीम को बताया कि कलारी फ़ारेस्ट विद्यालय के शिविर बच्चों के व्यक्तिगत कौशल को विकसित करने और आत्मविश्वास के साथ बढऩे के लिए हैं। शिविर में तमिलनाडु, केरल , और कर्नाटक से आए युवाओं के साथ छत्तीसगढ़ की टीम के सुनील शर्मा और संतोष ठाकुर ने भी विचार विनिमय किया।

बच्चों से संवाद में डॉ सत्यजीत साहू ने कहा कि दुनिया में परिवर्तन लाने वाले बहुतेरे वैज्ञानिकों ने अपनी शिक्षा इसी तरीक़े से पाई है , जिनमें डारविन, लियोनार्ड डाविंची और रविंद्रनाथ टैगोर सहित कई महान विभूतियों के नाम लिए जा सकते हैं।

डॉ. साहू ने बताया कि कलारी फ रेस्ट स्कूल के संस्थापक योगेश कार्तिक एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं जो समाज -सेवा की भावना से बच्चों के शिक्षक बन गए। इसके पहले एक निजी ऑटोमेशन कंपनी से काम शुरू करने के बाद उन्होंने अपनी स्टार्ट अप कम्पनी स्थापित करने के लिए नौकरी से इस्तीफा दे दिया। वर्ष 2013 में उन्होंने एक एकल-स्वामित्व वाली फर्म के रूप में एक सौर ऊर्जा स्थापना कंपनी की स्थापना की और बिजली संकट अवधि के दौरान कई सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री त्यागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU